**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**06.08.2024** **19:45बजे**

**'' मुख्य समाचार''**

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा–शिक्षा क्षेत्र में और सुधार लाएगी सरकार–शिमला में मेधावियों को किया सम्मानित।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता व प्रदेश के हरित आवरण को बढ़ाने पर दिया बल।
- तीन जिलों में पिछले दिनों बादल फटने से लापता लोगों की तलाश जारी–समेज व राजबन में एक–एक शव बरामद।
- मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के 10 ज़िलों के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की जताई संभावना।

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र में और सुधार लाएगी। वे आज शिमला में राष्ट्रीय स्तर के हिंदी दैनिक समाचार पत्र के मेधावी छात्र सम्मान समारोह में स्कूल शिक्षा बोर्ड के मेधावियों को सम्मानित करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने दसवीं और 12वीं के दो सो 22 मेधावी विद्यार्थियों को मैडल व प्रशस्ती पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अपनी ऐच्छिक निधि से सभी मेधावी विद्यार्थियों को 25–25 हजार रूपए देने की घोषणा की। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार ने कम बच्चों वाले सरकारी स्कूलों को बंद करने का कड़ा फैसला लिया और आर्थिक तंगी के बावजूद शिक्षा में सुधार लाने के उददेश्य से शिक्षकों के खाली पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकारी शिक्षण संस्थानों में आधारभूत ढांचा मजबूत किया जा रहा है ताकि विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्राप्त हो सके।

**बैठक**

प्रदेश सरकार राज्य पथ परिवहन निगम को आर्थिक घाटे से उबारने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगी। आज शिमला में निगम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि इलैक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 3 सौ 27 करोड़ रूपए प्रदान किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त दो हजार टाईप–टू इलैक्ट्रिक बसों की खरीद प्रक्रिया चल रही है। बैठक में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि पिछले सात महीनों से निगम कर्मचारियों और पैंशनरों को हर माह की पहली तारीख को पैंशन व वेतन मिल रहा है जबकि पूर्व भाजपा सरकार के दौरान आठ से 10 महीनों के बाद वित्तीय अदायगी की जाती थी।

**राज्यपाल**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने और प्रदेश के हरित आवरण को बढ़ाने की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया है। वे आज शिमला के गलैन में राज्य रेडक्रास सोसायटी और वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित पौधरोपण अभियान में बतौर मुख्यतिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने देवदार का पौधा रोपित किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया है। इस अभियान का उद्देश्य सरकार और समाज के सामूहिक प्रयास से सितंबर, 2024 तक 80 करोड़ और मार्च, 2025 तक एक अरब से अधिक पौधे लगाना है। राज्यपाल ने इस अभियान में हर व्यक्ति को अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने का आग्रह किया है। अभियान में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अन्नाडेल स्कूल के जूनियर रेडक्रास स्वयं सेवकों ने 2 सौ 50 पौधे रोपित किए।

**विधानसभा सत्र**

प्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 27 अगस्त से 9 सितम्बर तक शिमला में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राज्यपाल की संस्तुति के बाद आज इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। उन्होंने

कहा कि चौदहवीं विधान सभा का ये छठा सत्र होगा और सत्र में कुल 10 बैठकें होंगी। पठानियां ने कहा कि 29 अगस्त और 5 सितम्बर के दिन गैर सरकारी सदस्य कार्य दिवस के लिए निर्धारित किए गए है। 31 अगस्त और 7 सितम्बर के दिन सत्र की बैठकें आयोजित नहीं की जाएँगी। इस बीच विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न समितियों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि वे समिति के कार्यों में दक्षता व तीव्रता लाने के पक्षधर हैं ताकि जनहित के लंबित कार्यों पर संबंधित विभाग से ब्यौरा लिया जा सके।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला में लंबित विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज रिकांगपिओ में कड़छम और भावा नगर के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

जगत सिंह नेगी ने जिले के नाथपा, निगुलसरी, मलिंग नाला और पागल नाला जैसे संवेदनशील स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में मशीनरी व श्रमिक उपलब्ध रखने के निर्देश दिए ताकि किसी भी आपात स्थिति में इन सडकों को खोला जा सके। उन्होंने समय पर कार्यों को पूरा न करने और गुणवत्ता का ध्यान न रखने वाले ठेकेदारों को तुरंत ब्लैकलिस्ट करने को भी कहा। इस बीच जगत सिंह नेगी ने सांगला घाटी की राजकीय प्राथमिक पाठशाला कूपा में 19 लाख रुपये की राशि से बने अतिरिक्त भवन का लोकार्पण भी किया।

## तलाशी अभियान

प्रदेश के शिमला, मंडी और कुल्लू जिले में बादल फटने के बाद से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन आज छठे दिन भी जारी रहा। तलाशी अभियान के दौरान प्रभावित समेज क्षेत्र में आज सुबह सुन्नी डैम के करीब डोगरी में एक शव बरामद हुआ है। अतिरिक्त उपायुक्त अभिषेक वर्मा ने बताया कि पुरूष का ये शव सही हालत में मिला है और पोस्टमार्टम के लिए सीएचसी सुन्नी भेज दिया गया है। इस क्षेत्र. में अभी तक सर्च ऑपरेशन के दौरान कुल 6 शव बरामद किए

जा चुके हैं। उधर मंडी के राजबन में भी तलाशी अभियान के दौरान आज एक महिला का शव बरामद हुआ है और इस हादसे में 10 में से 9 लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। 31 जुलाई को प्रदेश के कुल्लू, मंडी और शिमला जिलों में बादल फटने की घटनाओं में अब तक कुल 17 लोगों के शव बरामद किए जा चुके हैं। मंडी के राजबन में 9 और कुल्लू के निरमंड में 2 लोगों के शव मिल चुके हैं जबकि रामपुर के समेज में चल रहे सर्च ऑपरेशन में अब तक 6 लोगों के शव मिल चुके हैं, लेकिन इनकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उधर कुल्लू जिला के मलाणा से 11 पर्यटकों को रैस्क्यू कर सुरक्षित कसोल पहुंचाया गया है। इस बीच प्रदेश में भारी बारिश के कारण दो एनएच और 85 सड़कें अभी भी बाधित हैं। आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के ताजा आंकड़ों मुताबिक मंडी जिले में सबसे अधिक 35 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। इसके आलवा एक सौ 16 बिजली के ट्रांसफार्मर और 65 पेयजल योजनाएं बाधित हैं जिन्हें बहाल करने का कार्य चल रहा है।

**<u>मौसम</u>**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश क्षेत्रों में मानसून के सक्रिय होने से कई स्थानों पर रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा का क्रम जारी रहने की संभावना जताई है। विभाग ने बिलासपुर, हमीरपुर, चंबा, कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, सिरमौर, सोलन, ऊना और शिमला जिलों में आगामी 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश जबकि कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है।

**<u>सिकंदर कुमार</u>**

केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रताप राव जाधव ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत हिमाचल प्रदेश के हिस्से सहित राज्य में 45 करोड़ रूपए की लागत से दो विशिष्ट परिचर्या केंद्र आईजीएमसी और लाल बहादुर शास्त्री मैडिकल कॉलेज मंडी स्वीकृत किए गए हैं। राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिंकदर कुमार द्वारा आज संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री ने ये जानकारी दी।

प्रताव राव जाधव ने कहा कि आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत तीन प्रमुख ऑन्कोलाजी मैडिकल सर्जिकल और रेडिएशन के तहत कैंसर से संबंधित उपचार भी उपलब्ध है।

**<u>जयराम</u>**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रदेश के डिपूओं में मिलने वाले सरसों के तेल के दाम बढ़ाने पर राज्य सरकार की आलोचना की है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने के बाद ऐसे कई जनविरोधी निर्णय लिए हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार कभी डीजल, कभी बिजली सीमेंट और पानी के दाम बढ़ाकर प्रदेश के लोगों को परेशान करने में लगी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने हिमकेयर जैसी योजना को निजी अस्पतालों में बंद कर दिया है जिससे लोगों को इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों पर ही निर्भर रहना पड़ रहा है।

**<u>रणधीर शर्मा</u>**

भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में बरसात से भारी नुकसान हुआ है और आपदा के समय भाजपा प्रभावितों के साथ खड़ी है। आज शिमला में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा आपदा पर राजनीति नही करती है और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर प्रभावितों के बीच जाकर राहत पहुंचाने का काम कर रहे हैं। रणधीर शर्मा ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने पिछले साल आई आपदा से कोई सबक नहीं लिया और इस बार संभावित आपदा से निपटने की भी कोई तैयारी नहीं की।

**विपिन परमार**

भाजपा के कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी विपिन परमार ने कहा है कि केंद्र ने इस बार के केंद्रीय बजट में हिमाचल प्रदेश को हजारों करोड़ रूपए की सौगात दी है। आज चंबा में एक पत्रकार वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि हिमाचल को टनल राज्य के रूप में गिना जा रहा है क्योंकि प्रदेश में करोड़ों रूपए सुरंगों व फोरलेन के निर्माण कार्यों पर खर्च हो रहे हैं जिससे लोगों की यात्रा सुगत होगी।

**मुख्य समाचार**

- मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा–शिक्षा क्षेत्र में और सुधार लाएगी सरकार–शिमला में मेधावियों को किया सम्मानित।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता व प्रदेश के हरित आवरण को बढ़ाने पर दिया बल।
- तीन जिलों में पिछले दिनों बादल फटने से लापता लोगों की तलाश जारी–समेज व राजबन में एक–एक शव बरामद।
- मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में प्रदेश के 10 ज़िलों के कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की जताई संभावना।